हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025



# प्रदेश में बदलेंगी पाठ्यपुस्तकें: एआई, गगनयान, गंगा नदी होंगे शामिल

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनसीईआरटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से छत्तीसगढ़ में कक्षा चौथी, पांचवीं, सातवीं और आठवीं की पाठ्यपुस्तकें बदलने जा रही है। यह नई किताबें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत तैयार की जा रही है और इन्हें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकसित किया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक पाठ्य पुस्तकों के लेखन का कार्य राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने आरंभ कर दिया है। राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा में नई शिक्षा नीति को लागू किया है। जिसकी शुरूआत इस सत्र से हुई है। इस वर्ष कक्षा पहली से तीसरी और कक्षा छठी के पाठ्यक्रमों में बदलाव हुआ है। कक्षा पांचवीं की हिंदी पुस्तक वीणा में आधुनिक और पारंपरिक विषयों को शामिल किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), गगनयान, गंगा नदी और राजा विक्रमादित्य से लेकर राजा भोज तक की कहानियों को स्थान मिला है। विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों, परंपराओं और पर्वों को कहानियों के माध्यम से जानने का अवसर मिलेगा। छात्रों में देश की सांस्कृतिक के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

अलग खबर

### योग, कला-व्यावसायिक शिक्षा भी

शारीरिक शिक्षा, कला शिक्षा, योग व व्यावसायिक शिक्षा को जोड़ा गया नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। कक्षा तीसरी में शारीरिक शिक्षा और योग को शामिल किया गया है। जबकि कक्षा छठी में योग, कला शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा को जोड़ा गया है। इन परिवर्तनों का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि वे केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रहें।



### दी जा रही है ट्रेनिंग

एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने बताया कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूली पाठ्यक्रमों में बदलाव किया जा रहा है। इसकी शुरूआत हो गई है। शिक्षकों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसके बाद पाठ्यक्रम तैयार किए जाने का काम भी किया जाएगा।

### स्थानीय संस्कृति-पर्व भी शामिल

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नई किताबों में स्थानीय संस्कृतियों और पर्वों को भी शामिल किया जाएगा। इससे न केवल छात्रों को अपनी जड़ों से जुड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि वे संस्कृति व परंपराओं पर गर्व भी महसूस करेंगे। इसके साथ ही एनसीईआरटी ने एससीईआरटी द्वारा लिखी गई कविता का कमाल को अपनी कक्षा चौथी की पुस्तक वीणा में शामिल किया है। यह कविता छत्तीसगढ़ में कक्षा तीसरी की किताब का हिस्सा है। जिससे राज्य की शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## सरकार ने सभी जिलों को 2029 से पहले टारगेट पूरा करने का दिया लक्ष्य


# बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की मुहिम पहले साल ढाई सौ ग्राम पंचायत का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के सभी जिलों में अब बाल विवाह रोकने और उसको जड़ से समाप्त करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। सीएम के निर्देश बाद प्रदेश शासन द्वारा सभी जिलों को टारगेट देकर मुहिम चलाने कहा गया है। 2029 से पहले सभी जिलों को बाल विवाह मुक्त बनाने का टारगेट रखा गया है। इसमें पहले साल में कम से कम 40 फीसदी ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने का टास्क दिया गया है। ऐसे में जिले की कुल 662 ग्राम पंचायत में से पहले साल 264 ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने पर काम किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य को वर्ष 2028-29 तक बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान के तहत पहले साल यानी 2025-26 में 250 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। ग्राम पंचायत के कोटवार द्वारा बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह के कानूनन अपराध होने के संबंध में मुनादी कराई जाए। जिससे सभी ग्रामीणजनों को पता चले कि बाल विवाह करना अपराध है। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 व पुलिस हेल्पलाइन 112 में किए जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### जिन ग्राम पंचायत में दो साल नहीं होंगे बाल विवाह, उन्हें मिलेगा प्रमाण पत्र



### शुरू किया अभियान

बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों को पत्र भेजा जा चुका है, जिन गांव में दो साल से बाल विवाह नहीं हुआ है, उन्हें बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

- गुरप्रीत सिंह कौर, प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग

### दर्ज होंगे सभी विवाह, ग्राम पंचायत सचिव को जिम्मा

ग्राम पंचायत सचिव सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह पंजी संधारित की जानी है। जिससे ग्राम पंचायत क्षेत्र में आयोजित होने वाले समस्त विवाहों को विवाह पूर्व पंजीबद्ध किया जाए। इस पंजी के संधारण से ग्राम पंचायतों में होने वाली सभी शादियों का रिकॉर्ड रहेगा। जिससे बाल विवाह की जानकारी समय पूर्व प्राप्त हो सकेगी। पंजी द्वारा प्रत्येक विवाह में वर-वधु की उम्र का सत्यापन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाना है। प्रत्येक विवाह का पंजीयन अनिवार्य कराना चाहिए।

### ग्रामसभा का करना होगा आयोजन

मुहिम के तहत सभी सरपंचों को सूचना देने के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से एक पत्र भी सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को प्रेषित किया गया है। जिसमें उन्हें अपनी ग्राम पंचायत-निकाय को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में काम करने कहा गया है। ज्ञात हो कि दो साल तक बाल विवाह नहीं होने वाले गांव में ग्रामसभा का आयोजन कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आगे भी बाल विवाह ना हो। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिव को बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ग्राम पंचायत को मिलेगा प्रमाण पत्र

इस मुहिम के तहत ऐसी ग्राम पंचायतें जहां लगातार दो साल तक एक भी बाल विवाह नहीं होगा, उन्हें बाल विवाह मुक्त प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इन ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र मिलने के बाद भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके ग्राम में बाल विवाह ना हो। यह अभियान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा और हर विवाह का अनिवार्य पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# गांव के पानी टंकी के पास जुआ खेलते चार पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव के पानी टंकी के पास एकत्र होकर जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर चार आरोपियों को पकड़ा। फड़ से नगदी रकम एवं ताश पत्ती जब्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में अवैध जुआ, सट्टा के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

**बरगाही रोड पर की घेराबंदी**

जिसके तहत चौकी प्रभारी चिखली निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में टीम गठित कर बरगाही रोड नया पानी टंकी के पास ग्राम बोरी में 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे जुआरियों की घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई।

**मचा हड़कंप**

इधर पुलिस द्वारा लगातार असामाजिक तत्वों के खिलाफ अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस की कार्रवाई से असामाजिक तत्वों की हड़कंप मचा हुआ है।

### नगदी व ताशपत्ती जब्त

जिसमें आरोपी देव साहू 35 साल, अशोक यादव 36 साल, आनंद किशोर 25 साल, नवीन देवांगन 28 साल सभी निवासी ग्राम बोरी ओपी चिखली को पकड़कर उनके पास एवं फड़ से नगदी रकम 3410 रुपए, 52 पत्ती ताश, 1 नग छोटा मेट को जब्त कर छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्रवाई किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र रामटेके, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, आदित्य सोलंकी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है।

## खबर संक्षेप

### चार माह से नहीं मिली मानदेय की राशि

**राजनांदगांव।** चार माह से मानदेय नहीं मिलने के मामले को लेकर मितानिन कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र मानदेय देने की मांग की है। मितानिन सुजाता बेलेकर ने कहा कि चार माह से मानदेय नहीं मिलने की वजह से घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ी हुई है। बच्चों के स्कूल फीस देने के लिए भी पैसे नहीं है। उन्होंने शासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मितानिनों को लंबित मानदेय का भुगतान किया जाए।

0 मितानिनों ने की अपील

मितानिनों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि शहरी कार्यक्रम की मितानिन को अप्रैल माह से अब तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। इससे पहले भी ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक राशि नहीं मिली है। जिसको लेकर काफी समस्या हो रही है। मितानिनों ने शासन से अपील की है कि मानदेय की राशि शीघ्र दिया जाए।

### चाकू लहराता युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 1 सितंबर को स्टेशनपारा रेलवे ओवरब्रिज फाटक के पास एक व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे की सूचना पर आरोपी जीशांन उर्फ जानू पटेल 20 साल साकिन स्टेशनपारा को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार स्टील का चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

# मानदेय सहित 8 मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय ध्यान आकर्षण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका शामिल हुई और अपनी मांगे पूरी करने जमकर नारेबाजी की। वहीं उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

सरकार से मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी संघ की जिला अध्यक्ष संतोषी वर्मा ने कहा कि देश में 2 अक्टूबर 1975 को जब से आईसीडीएस की स्थापना हुई है, तब से आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के रूप में केन्द्र और राज्य सरकार को सेवाएं दे रहे हैं।

⏩ शेष पेज 10 पर



### प्रदर्शन में विभिन्न मांगों को रखा

आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ता और सहायिकाओं को शिक्षाकर्मी व पंचायतकर्मी की तरह ही शासकीय कर्मचारी घोषित करने, शासकीय कर्मचारी घोषित होते तक कार्यकर्ता को प्रतिमाह 26000 और सहायिका को 22100 देने, सामाजिक सुरक्षा के रूप में सेवानिवृत्ति पर सभी कार्यकर्ता सहायिकाओं को पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, सहायिका को कार्यकर्ता के पद पर और कार्यकर्ता को सुपरवाईजर के पद पर सीधे पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, महंगाई भत्ता, ऑफलाइन कार्य करने सहित अपनी विभिन्न मांगे रखी है।

# अब तक नहीं मिली मुआवजे की पूरी राशि, पीड़ित परिवार के साथ न्याय मांगने पहुंचीं पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया क्षेत्र के सड़क चिरचारी में गुणवत्ताहीन सूचना पटल गिरने की वजह उसमें दबकर 5 वर्षीय बालक की मौत हो गई थी। इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई और मृत बालक के परिजनों को मुआवजे की पूरी राशि दिए जाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से मृतक युवांश निषाद के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की है।



छुरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी अंतर्गत खाद्य भंडारण केंद्र में पेयजल आपूर्ति हेतु बोरखनन के निर्माण पश्चात पंचायत द्वारा गुणवताहीन सूचना पटल का निर्माण किया गया था। बीते 22 जून को इस सूचना पटल के गिरने से 5 साल के युवांश निषाद की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में अब तक परिवार को पूरी मुआवजा राशि नहीं मिली है और किसी पर कार्रवाई भी नहीं हुई है। जिसको लेकर आज पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की है।

### शेष राशि के लिए पत्राचार

पीड़ित परिवार को स्वेच्छा अनुदान से कुछ राशि मिली है। शेष राशि के लिए पत्राचार करेंगे। जांच प्रतिवेदन के बाद सचिव पर कार्रवाई हुई है। न्यायहित में जो कार्रवाई होगी करेंगे। -सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, कलेक्टर

**विधानसभा में ध्यानाकर्षण :** पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि विधानसभा में इस मामले को लेकर कांग्रेस विधायक द्वारा ध्यानाकर्षण लगाया गया था। जिसमें पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने एक लिखित वक्तव्य दिया है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में सेवा सहकारी समिति के बाउंड्रीवॉल में ईंट से बनाए गए सूचना पटल के गिर जाने से बालक युवांश की मृत्यु हुई थी। परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा यह आरोप लगाना सही नहीं है कि उक्त निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था। जिसके कारण दुखद घटना घटित हुई।

### बिना नींव बनाया गया सूचना पटल

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि बिना नींव गुणवत्ताहीन सूचना पटल बनाया गया था, जिस पर बालक की मौत के बाद तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए थी, क्योंकि संपूर्ण जवाबदेही शासन व प्रशासन की है। घटना के पश्चात परिजनों को दो माह के भीतर 4 लाख रुपए का मुआवजा राशि देने की बात प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कही गई थी। जिसमें केवल 2 लाख 50 हजार ही मुआवजा परिजनों को प्राप्त हुआ है। इस मामले में दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया है। दोषियों पर अब तक कार्रवाई शून्य है। उन्होंने इस मामले में शीघ्र शेष राशि के भुगतान और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## माय एंगल




## सत्यनारायण मंदिर समिति के आव्हान पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

# मंदिरों से जलक्रीड़ा करने निकलेंगे भगवान राधा-कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी नगरी में रियासतकाल से विभिन्न मंदिरों मे प्राण-प्रतिष्ठित लड्डूगोपाल भगवान एवं भगवान राधाकृष्ण भादवा शुक्ल पक्ष एकादशी अवसर पर अपने-अपने मंदिरों से निकलकर भव्य डोलों में बैठकर भजन-सत्संग करते भक्तों संग नगर भ्रमण करते रानीसागर पहुंचते हैं, जहां भगवान नौका विहार (जल क्रीड़ा) का आनंद प्राप्त करते हैं। वर्ष 2018 में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के आह्वान पर नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले भगवान के डोले श्री बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी में एकत्रित होकर एक साथ संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव के बैनर तले शोभायात्रा के रूप में निकल रहे हैं।



संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के अनुसार इस वर्ष 03 सितंबर को भव्य शोभायात्रा में श्री सत्यनारायण मंदिर, श्रीराम जानकी बाला बाबा मंदिर, श्रीबलभद्री जमात मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री जलाराम राम मंदिर, श्री बलदेव राधा कृष्ण किला मंदिर, स्वामी जुगल किशोर बड़े जमात मंदिर, नोनीबाई मंदिर, श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर सहित अनेक निवासों में विराजित भगवान लड्डूगोपाल एवं भगवान राधाकृष्ण सज-धजकर भव्य डोले अथवा रथ में विराजमान होकर एक साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। इस वर्ष भी जल क्रीड़ा महोत्सव को भव्य स्वरूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी मंदिरों के भगवान 03 सितंबर को अपने-अपने मंदिरों से निकलकर दोपहर 02 बजे तक श्री बालाजी मंदिर पुरानी गंज मंडी पहुंचेंगे। यहां सभी देवताओं का पूजन-अर्चन विभिन्न समाजसेवियों एवं श्री बालाजी मंदिर की ओर से किया जाएगा। पूजा आरती पश्चात दोपहर 2.30 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी।

### ये मंदिर होंगे शामिल

समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया बताया कि महोत्सव को धूमधाम से आयोजित करने एक बैठक श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पंडित कालू महाराज, आशीष गांधी, पं. दिलीप वैष्णव, देवकुमार निर्वाणी, पं. डोमन दास महाराज, पं. महेंद्र दास, पं. मनोज शुक्ला, भगवान झा, सचिव सुरेश अग्रवाल, उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, राजेश शर्मा, श्याम खंडेलवाल, मोतीनाथ मंदिर के अरुण खंडेलवाल, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के राहुल अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल उपस्थित थे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## सड़क अतरिया क्षेत्र में विराजे गणपति


गणेशोत्सव समिति खैरा नवापारा


मां नर्मदा युवा मित्रमंडल, नर्मदा


गणेशोत्सव समिति भाटापारा अतरिया


बाल गणेशोत्सव समिति


गणेशोत्सव समिति पटेल पारा चकनार


गणेशोत्सव समिति बजरंग चौक चकनार


गणेशोत्सव समिति बजरंग चौक कुकुरमुड़ा


गणेशोत्सव समिति जीराटोला


न्यू आदर्श युवा गणेश उत्सव समिति


गणेश उत्सव समिति डोंगरगढ़

### परिजन होने लगे हताश और निराश

# कामठी से गायब हुए वसीम का पखवाड़े भर से नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर के युवा कारोबारी मोहम्मद वसीम तंवर को रहस्यमय तरीके से गायब हुए कल एक पखवाड़ा पूरा जाएगा। बीते 15 दिनों में लगातार कोशिशों के बाद भी उसका कोई भी सुराग तक नहीं मिला है। खोज खबर नहीं मिलने के बाद परिजन चिंतित और हताश होने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद वसिम तंवर पिता मोहम्मद इशहाक तंवर गत 19 अगस्त से लापता है। वह 19 अगस्त को अपनी पत्नी को मायके से लाने कामठी गया था। नगर के सना डेकोरेशन के संचालक इशहाक तंवर का 33 वर्षीय पुत्र वसीम तंवर गत 19 अगस्त तौफीक के साथ बाइक से राजनांदगाँव जाकर वह ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से कामठी के लिए रवाना हुआ था।

इस बीच उसकी परिजनों और पहचान वालों के साथ लगातार बात होते रही। करीब चार बजे वसीम ने इमरान को बताया था कि वह तुमसर पहुंचने वाला है। इससे पहले दोपहर एक बजे के आसपास उसने अपनी पत्नी को कामठी आने की जानकारी दिया था। परिजनों और परिचितो से लगातार संपर्क में रहने के बाद पांच बजकर 17 मिनट पर उसका मोबाईल बंद हो गया जो अब तक चालू नहीं हुआ है।

## कामठी का चप्पा-चप्पा छान रहे रिश्तेदार


कामठी रेलवे स्टेशन में आखरी बार देखा गया

### स्टेशन से दिखा बाहर निकलते

वसीम का फोन बंद होने और उसकी कोई सूचना नहीं मिलने के बाद परिजनों ने जब कामठी स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का खंगाला तो शाम 5.22 बजे स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। स्टेशन के बाहर निकलकर उसे बस स्टैंड की ओर जाते देखा गया, जबकि उसका सुसराल नागपुर रोड की ओर है। उसके बाद वह कहां गया इसकी अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### आखिर गया कहां वसीम

वसीम के अचानक गुम होने के बाद से परिजन, रिश्तेदार और कामठी पुलिस लगातार तलाश कर रही है किन्तु घटना के बाद से अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। वसीम के पिता इशहाक तंवर ने बताया कि करीब 25 से अधिक रिश्तेदार लगातार संभावित जगहों पर तलाश करने जुटे है। वसीम की खबर या सुराग नहीं मिलने के बाद परिजनों में हताशा बढ़ते जा रही है।

## सांसद प्रतिनिधि ने रेलवे पर लगाया भेदभाव का आरोप

■ सुविधाओं के बावजूद एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



धर्मनगरी में एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने रेल प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ की धर्मिक नगरी के रूप में देश विदेश में पहचान है।

एक तरफ माँ बम्लेश्वरी विराजमान है तो दूसरी ओर आचार्य विद्यासागर द्वारा चन्द्रगिरि पर्वत। यहां प्रज्ञागिरि पर्वत, करवारी पर्वत, सुदर्शन गिरी, गुरुद्वारा यहां की पहचान हैं। धार्मिक स्थल होने के कारण रोज नगर में हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। सड़क मार्ग दूर होने के कारण यहां आने के लिए रेल मार्ग सुलभ साधन है लेकिन रेल सुविधा जैसे होना चाहिए वैसी सुविधा आज तक नही है। निरंतर प्रयास के बाद भी कई ट्रेनों का ठहराव नहीं है। हाल में मुलमरोडा जैसे स्टेशन में बिलासपुर- चेन्नई, चेन्नई से बिलासपुर ट्रेन का ठहराव दिया गया है। कामठी स्टेशन में रेल प्रशासन ने जोधपुर- पुरी और पुरी- जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव दिया है। यह ट्रेन डोंगरगढ़ से गुजरेगी।

पूर्व से संचालित भगत की कोठी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेन के ठहराव की मांग की जा रही है किन्तु अब तक ठहराव नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के ठहराव के लिए अधिकारियों द्वारा कमी निकाल बहाना बनाया जाता है जबकि स्टेशन में बेहतर साधन है उसके बाद भी रेलवे इस स्टेशन की वर्षो से उपेक्षा की जा रही है।


## कबड्डी में खैरागढ़ टीम विजेता

**डोंगरगढ़।** ग्राम रामपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रथम स्थान पर रही खैरागढ़ की टीम को जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने राशि एवं विनर कप देकर सम्मानित किया। द्वितीय पुरस्कार जोब के कबड्डी दल को मिला। तीसरे स्थान पर उत्तराखंड की टीम रही। इस दौरान सरपंच कन्हैयालाल साहू, सालिकराम साहू, संतान कंवर, गनपत साहू, रामिन ठाकुर, किरण ठाकुर, पिंकी साहू, अनिता रात्रे, जानकी देशलहरे, सुहद्राबाई, मानकीबाई कंवर, कुंजलाल साहु, पूरनलाल, अरविंद नंदेश्वर आदि उपस्थिति थे।

## ईद के जश्न की तैयारियां शबाब पर

■ शहर की जामा मस्जिद हुई रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद के दिन को मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी को लेकर नगर के मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर की जामा मस्जिद में रौशनी कर आकर्षक तरीके से सजाया गया है। इस मौके पर जुलूस- ए- मोहम्मदी निकला जाएग जिसमें नगर के अलावा खुज्जी, बड़भूम, अर्जुनी सहित अन्य स्थानों के सामाजिक जन शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12 रबी-उल-अव्वल को ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाया जाएगा। आगामी 5 सितम्बर को ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी, जिसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह बना हुआ है। घरों की सफाई कर सजाया जा रहा है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर की जामा मस्जिद में परचम कुशाई की जाएगी। ईद मिलादुन्नबी की तैयारी में मस्जिद कमेटी जुटी है। शहर की मस्जिद में भी कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।

## विशिष्ट सामाजिकजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

■ पर्युषण महापर्व की धूम



दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्युषण महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। शाहगढ़ से आए ब्रह्मचारी भैया के सानिध्य में नित्य पूजन, अभिषेक, शांतिधारा के अलावा प्रवचन, प्रश्न मंच, आरती, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। समाज के बच्चों से लेकर युवक एवं बुजुर्गों में धार्मिक क्रियाओं मे उत्साह के साथ शामिल हो रहे।

पर्व के चौथे दिन श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सामाजिक जनों का सम्मान किया गया। सिंघई किशोर जैन को चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र एवं संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। सुशील जैन, प्रदीप जैन, विनोद जैन, सुभाषचंद जैन, सुधीर जैन, राहुल जैन को प्रतिदिन मंदिर जी में अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्स्स लेने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार निखिल जैन को भजन गायन के लिए सम्मानित किया गया।वंशिका जैन को 12 वीं में 83.60 प्रतिशत, भव्या जैन को 10 वीं में 85.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। अंत में श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन एवं सचिव सुरेशचंद जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी निशांत जैन ने दी।

## खबर संक्षेप



### युवाध्यक्ष चुने गए विनोद मंडलोई

**चिचोला।** पिनकापार परिक्षेत्र ध्रुव गोंड समाज की बैठक ग्राम झिथराटोला में रखा गया। बैठक में 15 गांव के सामाजिक प्रतिनिधि एवं ग्रामीण महिला और युवा शामिल हुए। बैठक में आगामी सामाजिक कार्यक्रमों पर चर्चा किया गया। युवा संगठन का चुनाव कराया गया। सर्वसम्मति से विनोद मंडलोई को अध्यक्ष, मूलचंद नेताम, नेहर नेटी, जीवनलाल उईके उपाध्यक्ष चुने गए। बैठक में राजेश्वर धुर्वे, अशोक मरकाम, साधुराम नेताम, चैनसिंग नेताम, अर्जुन ठाकुर, फूलचंद ठाकुर, संजू उईके, नारद सूर्यवंशी, नोहर मांडवी, रमेश नेटी, फगुआराम, हेमबाई, डीकेश्वरी नेताम आदि उपस्थित थे।

### सोसायटी में वार्षिक आमसभा 17 को

**टाटेकसा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सीतागोटा में वार्षिक आमसभा का आयोजन 17 सितंबर को किया गया है। यह बैठक धान खरीदी केंद्र मैदान कनेरी में होगी। दोपहर 12 बजे शुरू होने वाली वार्षिक आमसभा में सभी अंशधारी सदस्य शामिल हो सकेंगे। आमसभा में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समिति द्वारा संचालित गतिविधियों, वित्तीय लेन-देन एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान समिति के पदाधिकारी पिछले वर्ष के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### बीमा अभिकर्ताओं ने किया फल वितरण



**डोंगरगांव।** भारतीय जीवन बीमा निगम के स्थापना दिवस के मौके पर अभिकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फल, बिस्कुट का वितरण कर मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया। इस अवसर पर एलआईसी अभिकर्ता प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष नरेश साहू, महेश्वर साहू, राजकुमार यदु, डॉ प्रेमदास साहू, मुरलीधर साहू, पंचराम साहू, कमल नारायण साहू, मोहन साहू, चेतन साहू, बीएमओ रागनी चंद्रे, रेडियोग्राफर भोज साहू, स्टाफ नर्स कविता साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### महाप्रसादी एवं महाआरती 3 को

**डोंगरगढ़।** आर्यन गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक के तत्वावधान में आगामी 3 सितंबर को महाप्रसादी भंडारा और महाआरती का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम शाम 7

## सामान्य सभा में कई सामाजिक विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका

■ मंगल भवन में वाटर कूलर लगाने का निर्णय

स्थानीय महाराणा प्रताप मंगल भवन में रविवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह उप समिति राजनांदगांव की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह क्षत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूवात मां सरस्वती एवं महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना से हुई। सचिव रघुनंदनसिंह ठाकुर ने विषय सूची प्रस्तुत करते हुए महासभा से प्राप्त पत्रों का वाचन किया। आगामी केंद्रीय बैठकों, महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली का संधारण पर चर्चा की गई। मंगल भवन के वाटर कूलर में एक्वागार्ड लगाने की सहमति ली गईं। दिसंबर में मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए भ्रमण यात्रा निकालना तय किया गया।



### चिखली में होगी प्रतिमा स्थापना

बैठक में आय बढ़ाने, महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में टामनसिंह पवार, नरेंद्रसिंह बघेल, लोकेंद्रसिंह, भुवाल, भरतसिंह गहरवार, वाणीविलास गौतम, केदारसिंह राजपूत, लालेंद्र, सुरेंद्रसिंह सिकरवार, घनश्यामसिंह, इंद्रपालसिंह, बजरंग बहादुर सिंह, अजीत सिंह, तेजकुमार सिंह, शशि चौहान, माधुरी ठाकुर, विनोद, आरती गौतम, जयकरण सिंह, नरेंद्रसिंह, नवनीत सिंह, अनिलसिंह, मनोजसिंह, जीवनसिंह, शिवा सिंह, मन्नू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वयंसेवकों ने सफाई कर लगाए पौधे

**एलबी नगर।** शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार रासेयो इकाई प्रभारी अरुण साहू के मार्गदर्शन में दलनायक रितेश कुमार, उप दलनायक डेकेशवर एवं लता यादव के नेतृत्व में कालेज परिसर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही पौधे रोपे गए। स्वयंसेवकों ने बाटल पाम एवं गुलमोहर के पौधे लगाए। इस दौरान पर्यावरण एवं स्वच्छता विषय पर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रो मनोहर बोकडे, बीआर चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड़, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, कविता यदु, सीमा एक्का, ज्योति वर्मा, प्रीति साहू, कामिनी वर्मा आदि उपस्थित थे।




### कोहका में शराब की अवैध बिक्री पर पूर्ण रोक

# शराब बेचा तो 50 हजार अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

निकटवर्ती ग्राम कोहका में बीते आठ से 10 सालों से अवैध शराब बिक रही है। शिकायत के बाद भी जब पुलिस ने इस पर अंकुश लगाने की पहल नहीं किया तो गांव की महिलाओं और पुरूषों ने बैठक कर पूर्ण शराबबंदी का फैसला लिया है। उन्होंने अब शराब बेचने खुलासा होने पर 50 हजार और सार्वजनिक रूप में पीने की जानकारी मिलने पर 5 हजार के अर्थदंड से दंडित करने का फैसला किया है।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम कोहका में बीते आठ- दस साल साल से दो से तीन कोचिया शराब बेचते आ रहे हैं। गांव में शराब की आसान उपलब्धता के कारण पियक्कड़ों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही थी। शराबखोरी से सबसे अधिक गांव की महिलाएं परेशान थी। बताया जाता है कि शराब पीने के शौकिन लोग नियमित काम करने से भी परहेज करने लगे थे। आय प्रभावित होने के बाद कुछ घर के बर्तन, पत्नी के जेवर बेचकर अपना शौक पूरा करने लगे थे।



### शराब के धंधे से किया तौबा

जानकारी के अनुसार बैठक में शराब व्यवसाय से जुड़े लोग भी शामिल हुए। उन्होंने शीतला माता की कसम खाते हुए अब यह धंधा नहीं करने का लिखित में दिया। वहीं ग्रामीणों ने यह तय किया कि अब शराब बेचने की शिकायत मिली तो कोचियों से 50 हजार अर्थदंड और सार्वजनिक रूप में शराब पीने की जानकारी मिली तो 5 हजार अर्थदंड लिया जाएगा। बैठक में करीब 3 से 4 सौ महिला पुरूष शामिल हुए।

### शिकायत की अनदेखी

लोगों की शराबखोरी से परेशान महिलाएं और पुरूष पूर्व में कई बार शिकायत करने थाना भी गए किन्तु अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से शराब के धंधे पर अंकुश नहीं लग सका। बताया जाता है कि जब कभी शिकायत होती थी तो पुलिस के जवान गांव आकर कोचियों के ठिकाने तक जाते जरूर थे किन्तु सिस्टम के तहत बेजा वसूली कर वापस लौट जाते थे। पुलिस से अपेक्षित मदद नहीं मिलने के बाद आक्रोशित महिलाओं ने गत दिनों शराब की बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। लोगों के आक्रोश को देखते हुए गांव में त्यौहार मनाकर शीतला मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया।

## गणेश पंडाल में उमड़ रहे श्रद्धालु

**डोंगरगढ़।** शहर के सेवा नगर में रघुनंदन भक्त युवा समिति ने सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा स्थापित किया है। सेवा नगर में विराजित मूर्ति की भव्यता देखते ही बन रही है। प्रतिदिन पंडाल में महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन प्रतिमा देखने सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ रही है। यहां प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। प्रोजेक्टर के माध्यम से महावतार नरसिम्हा फिल्म का गत दिनों प्रदर्शन किया गया। समिति के सदस्य रोहित समुद्रे, शुभम परिहार, मनीष समुद्रे, हिमांशु डकहा, ऋषभ डकहा, राहुल करसे, अदित्य करसे, राहुल डकहा, अतुल बिरहा, सौरभ समुद्रे, सन्नी बघेल, अंकित समुद्रे, योगी समुद्रे, आकाश डकहा, एल्बम, सुमित, अजित परिहार, अश्मित समुद्रे एवं सुदर्शन वाल्मीकि समाज एवं सेवा नगर के वासी आयोजन में लगातार सहयोग दे रहे हैं।

## डोगेन्द्र को विधायक ने दी बधाई



**ठेलकाडीह।** डोम्हाटोला के रेखालाल साहू के पुत्र डोगेंद्र साहू ने अपनी मेहनत और लगन से मेडीकल कालेज प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उन्हें बधाई दी है। विधायक बघेल ने डोगेंद्र के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान हेमंत वैष्णव, नूतन साहू, केदार साहू, अजय वर्मा, भागवत वर्मा, प्रमोद वर्मा, गंभीर साहू, डीलेश पारधी, मनराखन निर्मलकर, कुलेश्वर साहू, मोहन वर्मा, धनेश्वर साहू, हेमलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संभागीय बैठक 5 को

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा की संभागीय बैठक आगामी 5 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े एवं महामंत्री राजेश्वर ध्रुव व खिलावन नेताम ने बताया कि बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्यजीत सिंह का आगमन हो रहा है।

### गंडई कॉलेज में साहित्य परिषद गठित



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई के हिंदी विभाग में साहित्य परिषद का गठन किया गया है। इस परिषद का उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। सर्वसम्मति से लता साहू को अध्यक्ष, सेवकराम जंघेल को उपाध्यक्ष, भोलाराम साहू को सचिव और दिव्य साहू को सह सचिव चुना गया है। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष गावस्कर कौशिक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए साहित्य परिषद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह परिषद छात्रों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मंच प्रदान करेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने भी सभी पदाधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन अतिथि प्राध्यापक ढालसिंह लोधी ने किया।

### जयंती पर निकली साइकिल रैली



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के संरक्षण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 एवं 02 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तऋषि एवं प्रो. करुणा रावते के मार्गदर्शन में शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव परिसर से गौरवपथ राजनांदगांव तक मेजर ध्यानचंद के जयंती अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें करुणा रावते तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा भाग लिया गया। साथ ही बायोटेक्नोलॉजी डिप्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद महीस तथा कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट के प्रो. डीके वर्मा ने भी अपना योगदान दिया।

## जिले में शांति एवं सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

# पुलिस चुस्त, लगातार कार्रवाई से हौसले पस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अपराध पर रोक और अपराधियों पर नकेल कसने और जिले मे शांति सुरक्षा को लेकर एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के नेतृत्व मे पुलिस सक्रियता से जुटी हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जान माल की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर 715 मामलों में कुल 2 लाख 53 हजार 400 रुपए का समन शुल्क वसूला है वही लायसेंस निलंबन के लिए 8 प्रकरण न्यायालय मे दाखिल किया है वही आधा दर्जन मालवाहक वाहनो मे सवारी बिठाकर ले जाने वालो के खिलाफ भी लाइसेंस निलंबन की कारवाई की गई है। अवैध शराब बिक्री और परिवहन को लेकर भी पुलिस लगातार काम कर रही है जिसके चलते जिले में 34-2 के 2 मामले, 36-च 1 के 23, 36-सी के 52, 34-1 ब के सात मामले मिलाकर आबकारी एक्ट के तहत 86 व्यक्तियों पर कानूनी कारवाई की गई है।

## यातायात का उल्लंघन, 715 पर कार्रवाई

### सिगरेट पीते 35 पर कार्रवाई



खैरागढ़ थाने में धारा 3-2 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत एक मामले मे चार जुआरियों से 52 पत्ती ताश सहित 23 सौ रूपए और गण्डई थाने के 08 मामलो में 53 जुआरियों से 52 पत्ती ताश सहित 31 हजार 40 रुपए के अलावा ठेलकाडीह थाने में एक मामले में 9 जुआरियों से 52 पत्ती ताश सहित 3 हजार 375 रुपए जप्त किया गया। सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने अभियान चलाकर कोटपा एक्ट के तहत 35 व्यक्तियों पर कारवाई कर 6 हजार 900 रुपए का अर्थदंड लगाया है। इसी तरह पूरे जिले में प्रतिबंधात्मक कारवाई में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126,135-3 के तहत 14 प्रकरण में 16 और धारा 126,135-3 के तहत 52 प्रकरण में 84 व्यक्तियों पर कारवाई की गहै है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से जहां अपराधियों के हौसले पस्त हुए है वही एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा सहित जिले के वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल और सामंजस्य बढ़ा है जो जिले मे शांति सुरक्षा को लेकर काफी जरूरी है।

# कैरियर गाईडेंस एवं पर्सनालिटी डेव्लपमेंट पर कार्यशाला आयोजित

## बड़ा काम करने बलिदान भी बड़ा होना चाहिए : राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में आईक्यूएसी एवं रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके के मार्गदर्शन में सात दिवसीय कैरियर गाइडेंस एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिवस महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बालोद गोपाल राव, प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, संयोजक डॉ. संजय ठिसके, केके देवांगन, डॉ. डीके वर्मा, चिरंजीव पांडे उपस्थित थे।

कार्यशाला के संयोजक संजय ठिसके ने विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ कौशलपरक एवं व्यवहारिक शिक्षा पर जोर देने पर बल दिया। कार्यशाला के अंत में छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया और कैरियर में सफलता प्राप्त करने आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर दीपक कुमार परगनिहा, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### व्यवहार हमेशा सकारात्मक होना चाहिए

कार्यशाला का उद्देश्य अपने कैरियर में उद्योग एवं उद्यमिता के क्षेत्र में जानकारी प्रदान करना था। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से सफल नहीं हो सकते, उसके साथ कौशल का होना आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में हो, चाहे रोजगार के क्षेत्र में आपका व्यवहार हमेशा सकारात्मक होना चाहिए। गोपाल राव ने रोजगार का सबसे बड़ा क्षेत्र सेवा है कि बात बताते कहा कि वर्तमान शिक्षा में लोग डिग्री तो हासिल कर लेते हैं, लेकिन स्कील नहीं सीख पाते। डिग्री से शहर में काम तो मिल जाता है, लेकिन काम नहीं कर पाते, इसलिए सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा भी आवश्यक है। बड़ा काम करने बलिदान भी बड़ा होना चाहिए। यदि व्यक्ति के पास आइडिया और समाधान है तो वह एक सफल उद्यमी बन सकता है। उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए ग्राहकों की संतुष्टि आवश्यक है, भारत उपभोक्ताओं का बहुत बड़ा देश है, जो सोशल मीडिया से जुड़ा हुआ है, अगर उद्यमी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के साथ जुड़े तो वह अपने उद्योग को बड़े ब्रांड में बदल सकता है।

# डूबने की सूचना, आशंका या अफवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बरेठ पारा से शराब दुकान जाने वाले रास्ते में पिपरिया नदी पर निर्मित पुल से किसी अज्ञात व्यक्ति के डूबने की सूचना पर पुलिस देर रात से सर्चिंग अभियान चला रही है हालांकि अभी तक जिले के किसी भी थाने मे गुमशुदगी को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों के कथन को आधार मानकर देर रात से नदी के दोनो मुहाने पर एनडीआरएफ की टीम के साथ डटी हुई है।

नदी पर जलकुंभी को हटाने नपा का जेसीबी भी लगा हुआ है। थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि शाम को नदी के आजू बाजू बाड़ी मे काम करने वालों ने पानी मे कुछ हलचल देखी और पुल मे सब्जी का थैला देखकर किसी अनहोनी की आशंका से पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति ने किसी को डूबते नही देखा है लेकिन आशंका के आधार पर पुलिस देर रात से सर्च ऑपरेशन चलाकर पतासाजी मे लगी हुई है।

# अंधेरे में डूबा शहर, असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर को अंधेरे में डूबा कर नपा अध्यक्ष एक ओर जहां अपने भतीजे को आर्थिक लाभ पहुंचाकर उपकृत करने में तल्लीन है वहीं दूसरी ओर अंधेरे के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है जिसके चलते पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

कांग्रेस के मिशन संडे टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने आरोप लगाया कि शहर अंधेरे मे डूब रहा और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि सहित नपा प्रशासन जानबूझकर खामोश बैठा है। उसके कारण आम जनता असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। संडे टीम ने वार्ड निरीक्षण दौरान देखा कि दाऊ चौरा, कलेक्टर ऑफिस, राज फैमली गंजीपारा चौक, ठाकुरपारा, शीतला मंदिर, बरेठपारा, दंतेश्वरी मंदिर, जयस्तंभ चौक, कुशियारी चौक समेत दर्जनों स्थानों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं। देवांगन ने कहा जहां लाइट लगी है वहीं बंद है, यह जनता को डर और अपराधियों को राहत देने की साजिश है। श्री देवांगन ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले ही 19 लाख रुपया खर्च कर लगाए गया हाई मास्क लाईट मास्क बेकार बंद और बेकार हो गया हैं। जय स्तंभ चौक और दंतेश्वरी मंदिर के सामने की लाइट तक बंद है।



### अंधेरे का साम्राज्य फैला

गणेश उत्सव जैसे पावन पर्व में जब हर गली-मोहल्ले में भगवान विराजे हुए हैं तब सड़क में पसरे धुप्प अंधेरे में महिलाएं और बच्चे खतरे में दर्शन लाभ के लिए निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाइट लगाने का ठेका नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर के भतीजे अमित चंद्राकर को दिया गया था जो पहले भी नाली निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर एक्सपोज हो गया हैं। नपा अध्यक्ष अपने भतीजे के साथ मिलकर जनता को मूलभूत सुविधा से वंचित करने मे लगी है। प्रदेश की भाजपा सरकार और नगर पालिका प्रशासन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। इस दौरान डॉ अरुण भारद्वाज, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, रविंद्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, शेखरदास वैष्णव, गिरधर सिंह राजपूत, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, यतेंद्रजीत सिंह, राजा सोलंकी, रत्नेश सारथी, हरिदर्शन ढीमर सहित अन्य ने नपा प्रशासन को एक महीने का अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि यदि लाइट व्यवस्था और फतेह मैदान की दुर्दशा जैसी मांगो व मुद्दों पर काम नहीं हुआ तो मिशन संडे टीम सडक़ पर उतरकर आंदोलन करने बाध्य होगी।

# दही हांडी में शांति भंग की आशंका, 5 आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम मुरमुंदा में आयोजित दही हांडी कार्यक्रम में शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने पांच एवं शराब के नशे में वाहन चलाकर परेशान करने वाले दो चालकों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 31 अगस्त को ग्राम मुरमुंदा दही-हांडी लूट के कार्यक्रम में शांति व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु डोंगरगढ़ पुलिस एवं जिला के अन्य थाना एवं कार्यालय के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी वरिष्ठ कार्यालय से लगाई गई थी। ग्राम मुरमुंदा में ग्रामवासियों एवं बाहर से आए अन्य लोगों द्वारा शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ जुलूस एवं दहीलूट का कार्यक्रम मना रहे थे।

### बाइक चलाकर किया परेशान

इस दौरान शांति व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था ड्यूटी दौरान नशे की हालत में मोटर साइकिल चलाकर लोगों को परेशान कर शांति भंग करने पर नेम कुमार कदम उर्फ गुलशन 24 साल निवासी मुड़पार, भीमराव कंवर 23 साल निवासी बम्हनीभांठा के विरूद्ध धारा- 185 एमव्ही एक्ट एवं धारा-170, 125, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई किया गया। पुलिस के अनुसार आम जनता को परेशान कर वाद-विवाद कर मारने-पीटने पर उतारू होकर शांति भंग करने वाले अनावेदक संजय कंवर 24 साल निवासी ग्राम राका, महेन्द्र बंजारे 32 साल निवासी ग्राम मुरमुंदा, दिलीप मंडावी 24 साल निवासी ग्राम बोरसी के विरूद्ध धारा- 170/126,135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम के समक्ष उचित कार्रवाई हेतु पेश किया गया है।

## नाला रपटा में बहे युवक का मिला शव

**राजनांदगांव।** बारिश से उफान पर चल रहे नाला रपटा को पैदल पार करते समय एक युवक फिसलकर पानी में बह गया था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी। आज युवक का शव झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। मोहारा पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम कालेन्द्रा निवासी मिथलेश वर्मा 36 वर्ष कुछ काम से खैरागढ़ गया हुआ था, जहां से लौटते समय वह कल कोलेन्द्रा नाला रपटा को पैदल पार कर रहा था। इस दौरान नाला में पानी का तेज बहाव के चलते उक्त युवक पानी में बह गया। जिससे गांव में सनसनी फैल गई थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस व अन्य लोगों द्वारा उक्त युवक की पता तलाश नाले के पानी में की जा रही थी। पुलिस के अनुसार उक्त युवक का शव आज नाला के झाडियों में फंसा हुआ मिला। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# ससुराल से घर आने के लिए निकाला युवक कार सहित लापता

**राजनांदगांव।** ग्राम भर्रेगांव निवासी 36 वर्षीय लीलाधर कुंभकार 24 अगस्त की रात से लापता हैं। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा थाने में दर्ज कराई है और आमजन से सहयोग की अपील की है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार लीलाधर कुंभकार पिता स्व. लेखराम कुंभकार 24 अगस्त को रात 9.30 बजे अपने ससुराल जेवरा-सिरसा से नीले रंग की कार में अपने घर भर्रेगांव आने के लिए निकला, लेकिन अब तक घर नहीं पहुंचा है। कार का भी कोई पता नहीं चल पाया है। परिजन और पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रहे हैं। परिवार के लोगों ने आशंका जताई है कि उनके साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

- खोजबीन और जांच में जुटी पुलिस के हाथ भी अब तक खाली

### परिजनों की बढ़ी चिंता

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया है कि लीलाधर के मोबाइल का लास्ट लोकेशन जेवरा सिरसा में ही मिला है। उन्होंने अपनी पत्नी से ही आखिरी बार बात की है। जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी को भर्रेगांव पहुंचने की जानकारी दी है। रहस्यमय ढंग से युवक के गायब होने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

# भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजयुमो द्वारा बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने से नाराज होकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

जमकर नारेबाजी से कार्यकर्ताओं में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के प्रति आक्रोश साफ नजर आ रहा था। इस दौरान सभी ने अपशब्दों का प्रयोग करने वाले के खिलाफ कारवाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमकर कोसा। इस दौरान जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, आलोक श्रीवास, नीलिमा गोस्वामी, शशांक ताम्रकार, लाल शौर्यादित्य सिंह, प्रेम सागर गुप्ता, ऋषभ सिंह बघेल, मंजीत सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, अर्जुन क्षत्रिय, चंदू वर्मा, आकेश बर्मन, डोरेलाल साहू, अनीश सिंह, शशांक साहू, ओमप्रकाश साहू, राकेश वर्मा, मुकेश वर्मा, हर्षदीप सिंह, शिवांश बहादुर सिंह, पवन सिंह, श्यामसुंदर साहू, जय प्रकाश साहू, नीलम राजपूत, वंदना ताड़ेकर, हर्षवर्धन वर्मा, राजेश देवांगन, रूपेंद्र देवांगन, भीष्म वर्मा, अजेन दशरिया, जागेश्वर जंघेल, आकाश सिंह, योगेंद्र साहू, अजय वर्मा, मनीष ढीमर, गिरधारी दुबे सहित बडी संख्या मे भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राग सरस्वती की मनमोहन प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध

# चक्रधर समारोह में कुलपति प्रो डॉ. लवली ने दी सितार वादन की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 25 में इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति व प्रख्यात सितार वादक प्रो डॉ लवली शर्मा ने अपनी राग सरस्वती की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उन्होंने शास्त्रीय संगीत के मधुर कर्णप्रिय स्वर से वातावरण को आनंदित कर दिया। उनके साथ प्रसिद्ध तबला वादक दुर्जय भौमिक ने तबले पर संगत किया।

गौरतलब है कि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने 15 साल की आयु में श्रीमती वीणा चंद्रा से सितार वादन की शिक्षा प्राप्त की जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के प्रसिद्ध सितार वादक कल्याण लहरी से उच्च प्रशिक्षण लिया।

आगरा विवि से संगीत में स्नातकोत्तर उपाधि गोल्ड मेडल साथ हासिल किया। बड़ौदा विवि से 1986 में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्हें कला भूषण सहित अनेक सम्मान मिल चुका हैं।



### विवि के विद्यार्थियों ने दी लोक नृत्यों की प्रस्तुति

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के संरक्षण, अधिष्ठाता लोक संगीत एवं कला संकाय प्रो डॉ राजन यादव के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्या लोक संगीत विभाग डॉ दीपशिखा पटेल के निर्देशन में विवि के विद्यार्थियों ने चक्रधर समारोह में लोक नृत्यों की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। गणेश वंदना से शुरुआत बाद कलसा नृत्य, चटकोला नृत्य, करमा लोक नृत्य, ठिसकी नृत्य और शैला रीना नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान नृत्य पक्ष में विद्यार्थी टेकराम, डिम्पल पुलस्त्य, सर्वजीत बांबेश्वर, वंदना, सिद्धार्थ दिवाकर, खुशी वर्मा, डेरहू, नम्रता गांवर, खगेश पैकरा, हर्षलता साहू, धीरेन्द्र निषाद, खुलेश्वरी पटेल, गायन पक्ष में डॉ परमानंद पांडेय हारमोनियम, हर्ष चन्द्राकर, मनीष, सौम्या सोनी, साक्षी गढ़पायले और वाद्य संगत में रामचन्द्र सर्वे तबला, डॉ राजकुमार पटेल टिमकी, परमानंद जंघेल मांदर, खिलेश बांसुरी, करण तारम बेंजो, राजेश निषाद मंजीरा और सूरज कुमार सहयोगी के रूप में मौजूद थे।

### हरडुवा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज



**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में नवदीप गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में कल 2 सितंबर को मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के रोहित वर्मा ने बताया कि नवदीप गणेश उत्सव समिति द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। समिति के प्रीतम सिन्हा, गौरव साहू, लाभा सेन, तोषण सिन्हा, नीतू सेन, केशव वर्मा, राजा लिल्हारे, नंदकुमार सिन्हा, योगेश वर्मा, शुभम सिन्हा, तुलसी वर्मा, निखिल सेन, तोमेश्वर वर्मा, भेलु नेताम, हुपेन्द्र साहू, किशन साहू, सागर सेन, सुरेन्द्र यादव, संगम सेन ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणेश उत्सव के कार्यक्रम एवं मोर मयारु संगी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

# पांडादाह के जगन्नाथ मंदिर पर प्रकाशित होगी स्मारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पांडादाह में स्थित ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर जिसे श्री बलदेव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है उस मंदिर का संचालन करने वाली समिति रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास पर एक विशेष स्मारिका प्रकाशित करने की तैयारी कर रही है।

मंदिर और न्यास के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और अध्यात्मिक महत्व को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने के उद्देश्य को लेकर मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष पंडित मिहिर झा ने बताया कि यह स्मारिका मंदिर और न्यास के गौरव को दर्शाने का एक प्रयास है। उन्होंने भक्तों और स्थानीय निवासियों से इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उनके योगदान से स्मारिका की प्रामाणिकता और व्यापकता बढ़ेगी। समिति ने भक्तों और मंदिर के पुराने जानकारो से अनुरोध किया है कि यदि उनके पास मंदिर से संबंधित कोई भी ऐतिहासिक जानकारी, दुर्लभ तस्वीरें, पुरानी पांडुलिपियां, मौखिक रूप से प्रचलित कहानियां हों तो उसे स्मारिका का लेखन कार्य कर रहे साहित्यकार डॉ प्रशांत झा अथवा लेखक रवींद्र पांडेय को यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें। पंडित झा ने कहा कि भक्तों का सहयोग इस प्रकाशन में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा और यह मंदिर व न्यास के इतिहास को जीवंत बनाए रखने में सहायक होगा।






## सार समाचार



### तिलईरवार में मनाया गया संस्कृत सप्ताह

**राजनांदगांव**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। प्राचार्य अशीम कुमार यदु, स्टॉफ व सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्कृत विषय की व्याख्याता रेखा मुरकुटे ने बताया कि संस्कृत भाषा के महत्व को बढ़ावा देने और उसकी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने मनाया जाता है, जो दुनिया की सबसे पुरानी और वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है। यह हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा रक्षाबंधन को मनाया जाता है। इसी कड़ी में अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर साहू, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे आदि ने अपने-अपने विचार रखें। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृत भाषा पर कविता, श्लोक, सूक्तियां, भाषण, गीत आदि प्रस्तुत करने वालों में वैष्णवी, वंगीता, डुमेश्वरी, टूमेश, कामिनी, वैशाली, देवकी, जास्मीन, आरती, काजल, विवेक कुमार एवं पीयूष कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन अनुराधा ढोक द्वारा किया गया।

### साइकिलिंग अभियान में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**राजनांदगांव**। राष्ट्रीय खेल दिवस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिटनेस, आत्मशक्ति और सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा देने शहर में एक विशेष साइकिलिंग अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आईटीबीपी राजनांदगांव के क्षेत्रीय मुख्यालय के सेकेंड-इन-कमांड मनोज कुमार बहुगुणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें आईटीबीपी कर्मियों और साई राजनंदगांव के खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। 29 अगस्त को प्रारंभ हुए तीन दिवसीय खेल दिवस कार्यक्रम श्रृंखला ने एक जोड़ने वाली ताकत और राष्ट्र-निर्माण के एक शक्तिशाली साधन के रूप में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसने युवाओं में भारत की समृद्ध खेल विरासत के प्रति गर्व की गहरी भावना पैदा की। साथ ही हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की चिरस्थायी विरासत को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि भी दी। इस पहल ने प्रतिभागियों के बीच एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देते और शारीरिक फिटनेस और तंदुरुस्ती के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर फिट इंडिया आंदोलन के मूल संदेश को भी सुदृढ़ किया। अंत में इन तीन दिवसीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी कर्मियों को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सभी संबंधित कार्यक्रमों का समापन किया गया।



### रॉयल किड्स कान्वेंट ने क्विज स्पर्धा में मारी बाजी

**राजनांदगांव**। लायंस क्लब द्वारा आयोजित इंडिया हेरिटेज प्रतियोगिता में रॉयल किड्स कॉन्वेंट के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सभी शालाओं के 85 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें रॉयल किड्स कॉन्वेंट के बच्चे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर प्रियांशी सिंह और परिधि जैन, द्वितीय गुंजन वैष्णव और सुहा साहू एवं तृतीय स्थान पर तथागत और आर्यन त्रिपाठी रहे। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के ही आईसीएसई बोर्ड से अंश नाहटा, सागर देवांगन परिधि सिंह, दर्शनी जंघेल एवं सीबीएसई बोर्ड से प्रणव खंडेलवाल, गोल्डी ठाकुर, यावी जंघेल, सम्यक श्रीवास्तव, वंश जैन, यश कुमार साहू, कृष कुमार विनायक ठाकुर ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपर्णा वर्मा, शालिनी चितलांगिया एवं हर्षा सोनी का विशेष मार्गदर्शन रहा। प्रतियोगिता का आयोजन इंटेक इंडिया हेरीटेज क्वीज टीम द्वारा किया गया। जिसमें आनंद वर्गीस, योगेश अग्रवाल और दिलीप खंडेलवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी की लहर है।



### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

**राजनांदगांव**। बांधाबाजार क्षेत्र के जोशीलमती प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शंभूदयाल नायक एवं माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका पुष्पा कुंजाम को सेवानिवृत्ति के अवसर पर संकुल केंद्र जोशीलमती के शिक्षकों ने भावपूर्ण विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षक समुदाय के प्रति गहरी श्रद्धा और आदर प्रकट करते आयोजन को यादगार बना दिया। वहीं बेलरगोंदी संकुल के शिक्षक नरेंद्र कुमार चतुर्वेदी के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



यह कार्यक्रम शिक्षकों के सामूहिक सम्मान और उनके समर्पण का प्रतीक था। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने उन्हें श्रीफल, शाल और मेमेंटो भेंट किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से बैंड-बाजे और हल्के-फुल्के स्वाल्पाहार का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य अशवंतीन शोरी ने शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने बच्चों के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका को सराहा। संकुल के अन्य शिक्षकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रमुख शिक्षकों में अजय चंद्रवंशी, गैंदालाल कोलियारे, होरीलाल भुआर्य, चैनकुमार सोनवानी, राकेश कुमार खोब्रागढ़े, रितेश कुमार चक्रधारी, अखिलेश कुमार सिन्हा और अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### अहमद नगर के प्राचीन गणपति स्वरूप का हो रहा दर्शन

# बच्चों को भा रहा डिज्नीलैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में विभिन्न जगह अलग-अलग स्वरूप में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं स्थल झांकियां भी बनाई गई, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शहर के सहदेव नगर के समीप अंबेडकर चौक स्थित श्री सेवा समिति द्वारा इस वर्ष विराजमान किए गए अहमद नगर के ऐतिहासिक स्वरूप वाले विशाल गणपति के दर्शन श्रद्धालुओं को मिल रहे हैं। वहीं इस गणेश पंडाल के समीप बनाए गए डिज्नीलैंड की झांकी बच्चों को काफी आकर्षित कर रही है।

श्री सेवा समिति में गणपति बप्पा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह और आस्था के साथ मत्था टेक रहे हैं। पंडाल में डिज्नीलैंड थीम, झूले, बलून और विविध प्रकार के स्टॉल इस आयोजन को और आकर्षक बना रहे हैं।



#### विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

इस पूजा पंडाल में आरती, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। वहीं यहां आने वाले श्रद्धालु भक्ति से सराबोर हो रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि गणपति बप्पा का यह स्वरूप शहर में पहली बार देखने को मिल रहा है।

#### ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व

समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पूरे शहर की एकता और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि संस्कारधानी के लोग न सिर्फ गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करें, बल्कि इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक सौहार्द्र और आपसी भाईचारे का संदेश भी जाए। उन्होंने कहा कि अहमद नगर स्वरूप का चयन इसी सोच के साथ किया गया है, ताकि लोग इसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व से जुड़ सकें।

### कच्चीपुरम नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध, प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं को मिली इडली

**राजनांदगांव**। शहर के गंज लाइन स्थित गंज गणेश उत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अन्य जिलों और राज्यों से पहुंचे कलाकारों द्वारा अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी जा रही है। समिति के माध्यम से कलाकारों को आमंत्रित कर बांसुरी वादन, पियानो वादन, गिटार वादन, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।1 गंज गणेश उत्सव समिति द्वारा रविवार को गणेश आरती के बाद साउथ के डांसर द्वारा कच्ची पुरम नृत्य किया गया। वहीं मुंबई से आए कलाकारों द्वारा मानकचंद वादयंत्र से अपनी मंडली के साथ मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।



#### प्रसादी वितरण का आयोजन

गंज गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिदिन प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित होता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते हैं। नृत्य के साउथ इंडियन इटली श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप बांटा गया।

#### विसर्जन झांकी की तैयारी

अपनी झांकी की परंपरा के तहत गंज गणेश उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भोलेनाथ की सावन महोत्सव पर आधारित विसर्जन झांकी गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी में समिति के लोग जुटे हुए हैं।

## कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज से

**राजनांदगांव**। खैरागढ़-कवर्धा मुख्य मार्ग पर स्थित शहर के उत्तर भाग पटरीपार की जनता के आवागमन के मुख्य मार्ग पर स्थित ओव्हरब्रिज जर्जर और खतरनाक हो गया है। यहां पर यातायात के दबाव की वजह से आए दिन नागरिकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज की जर्जर स्थिति और धीमी गति से चल रहे अंडरब्रिज के कार्य को लेकर कांग्रेस द्वारा मंगलवार से दो दिवस की धरना प्रदर्शन की शुरूआत की जा रही है।

इस प्रदर्शन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि डॉ. रमन सिंह द्वारा वर्ष 2023 में अपनी चुनावी घोषणा पत्र में कहा गया था कि भाजपा सरकार आते ही एक नया ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा, जो कि दो वर्ष से भाजपा की सरकार है, लेकिन वादा खिलाफी की जा रही है। वहीं स्टेशनपारा व गौरीनगर अंडरब्रिज का निर्माण काफी धीमी गति से चल रहा है। जिसके कारण शहरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### शुरू होगा प्रदर्शन

पुराने ओवरब्रिज के स्थान नए ओवरब्रिज के निर्माण की मांग और अंडरब्रिज के धीमी गति से निर्माण के विरोध में शीघ्र निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा 2 से 3 सितंबर तक दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन का शुभारंभ कल 2 सितंबर सुबह 11 बजे डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल करेंगी। वहीं 3 सितंबर को शाम 4 बजे राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने उक्त धरना प्रदर्शन में कांग्रेसजनों के साथ-साथ शहरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### पृष्ठ 07 का शेष

#### मानदेय सहित 8 मांग...

हर योजना को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन सेवाएं 50 वर्ष होने के बावजूद भी हम महिलाओं को ना तो कर्मचारी का दर्जा मिल पाया है और ना ही श्रमिक मजदूर का। अब तक न्यूनतम मजदूरी पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा, चिकित्सा और सम्मान जैसी कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से पारिश्रमिक मानदेय के रूप में कार्यकर्ता को 4500 और सहायिका को 2250 दिया जा रहा, जो न्यूनतम वेतन से काफी कम है।

**मांगे पूरी करने नारेबाजी** : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के आह्वान पर आयोजित इस ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन में जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और अपनी मांगे पूरी करने जमकर हल्ला बोला। वहीं महिलाओं ने अपनी मांगे पूरी करने केंद्र और राज्य सरकार से इस प्रदर्शन के माध्यम से अपील की।

### शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराया, दुकानदार पर कार्रवाई

**राजनांदगांव**। शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराने वाले दुकानदारों पर मोहारा पुलिस चौकी ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 1 सितंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कसारी में लोगों को शराब पीने के लिए साधन उपलब्ध कराकर दुकान के सामने बैठाकर शराब पिला रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर पवन श्रीवास को अपने पान दुकान के सामने एवं लोकेश साहू अपने किराना दुकान के सामने आम जगह पर लोगों को शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर रेड कार्रवाई कर पान व किराना दुकानदारों के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### पुलिस ने चलाया अभियान, शराब कोचिए पकड़ाए

**मोहला**। धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना खड़गांव व सायबर टीम के संयुक्त टीम द्वारा खड़गांव घरदी में शराब बेचने रखने की सूचना पर आबकारी एक्ट के तहत रेड कार्रवाई किया गया। जिसमें ग्राम खड़गांव का संजू कुमार गायडे के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर से प्लेन मदिरा 4.680 बल्क लीटर जुमला कीमती 2080 को जब्त किया गया। ग्राम खरदी का गौरव राजपूत के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर से देशी-विदेशी शराब 22.800 बल्क लीटर जुमला कीमती 11300 को जब्त किया गया व आरोपी को न्यायिक रिमांड पर अंबागढ़ चौकी पेश किया गया। ग्राम खरदी का यशवंत राजपूत के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर से देशी-विदेशी शराब 4.620 बल्क लीटर जुमला कीमती 1670 को जब्त किया गया।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेस के मंच से अभद्र टिप्पणी

# युवा मोर्चा ने किया राहुल का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द और अभद्र टिप्पणी के मामले में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शहर के महावीर चौक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गलीबाज कांग्रेसी राजनीति छोड़ो और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किए जाने से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से आक्रोश जताया है।

#### उपस्थित रहे कार्यकर्ता

पुतला दहन के कार्यक्रम के अवसर पर शहर युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रखर वैष्णव, मंडल भाजपा अध्यक्ष गोलू गुप्ता, शिव वर्मा, सज्जन सिंह, रवि साहू, पिंटू वर्मा, रघुवीर वाधवा, रवि राजपूत, चिंटू सोनकर, ज्ञानेश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता और



#### भाजपा ने की निंदा

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री का अपमान किया गया। उनकी मां के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया गया, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राजनीतिक सोच और दिशा

#### यह राजनीति का स्तर नहीं

जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित, अपशब्द बोला गया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की बौखलाहट है। राजनीति में आलोचना होती है, लेकिन एक मर्यादा भी रहती है। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ गली के शब्द कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर यह अपनी भाषाशैली नहीं सुधारते हैं तो आने वाले समय में इन्हें इन्हीं के अंदाज में जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम कांग्रेस को सद्बुद्धि मिले, इसकी कामना करते हैं।

## कमल छग प्रदेश पेंशनर एसो. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घुमका निवासी कमल कुमार दुबे छत्तीसगढ़ पेंशन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दीवान ने छग सोसायटी अधि. 1978 संशोधित 1996 की धारा 29 के अनुसार एवं धारा 27 में प्रांतीय अध्यक्ष को पंजीयन क्र 1844 दिनांक 29 सितंबर 2007 से प्रदत्त अधिकार से प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित कर नियुक्ति पत्र श्री दुबे को प्रेषित किया है, जिस पर श्री दुबे ने अपनी सहमति व्यक्त की है। श्री दुबे लगातार घुमका तहसील पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष का कुशल दायित्व निर्वहन करते घुमका में पेंशनर भवन एवं वहां आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने में अपनी महती भूमिका निभाए हैं और लगातार पेंशनरहितों में जुटे हैं। उनकी सक्रिय सहभागिता को देखते उन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, अनिल शर्मा, सुधीर शेंडे, पतिराम साव, रमेश भोजवानी, गनपत दुबे, बांकेलाल श्रीवास, मेंघुराम वर्मा, सेवाराम दुबे, हीरोबाई, देवीलाल सेन, ठगियाबाई, तुलेश्वर दास आदि ने शुभकामनाएं दी।

## पूर्व सैनिकों का संघ परिचय वर्ग कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव**। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ का 31 अगस्त को संघ का परिचय वर्ग कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के कुल 256 पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में संघ की विचारधारा एवं संघ के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा पर ध्यान केंद्रित किया गया। संघ के प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा सेवानिवृत प्रोफेसर छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर ने संघ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्व सैनिकों ने ध्यानपूर्वक सुना और चिंतन किया तथा संघ की विचारधारा को सराहनीय समाजसेवा बताया। कर्नल डॉ. हरीन्द्र त्रिपाठी प्रांतीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ ने धन्यवाद ज्ञापित एवं आभार व्यक्त किया।



## जिला पंचायत सीईओ ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने 29 अगस्त को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2024-25 में द्वितीय किस्त प्राप्त 15 हजार 695 हितग्रहियों के आवासों को 20 अक्टूबर तक पूर्ण करने सभी जनपद पंचायतों को लक्ष्य दिया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 34 हजार 784 स्वीकृत आवास में से 16 हजार 32 आवास पूर्ण हो गया है। जिले को वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 27 हजार 442 आवासों की स्वीकृत आवासों के विरूद्ध 27 हजार 108 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 334 आवासों को जल्द पूर्ण करने निर्देश दिया। सीईओ सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रगति के आधार पर मस्टर रोल भी जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों को जिनका आवास पूर्णता में प्रगति कम है उनको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को 7 अक्टूबर तक पूर्णता में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। ऐसे आवास मित्र जिनकी आवास पूर्णता में प्रगति धीमी है, उन्हें निकालकर उनकी जगह वेटिंग सूची से आवास मित्रों की भर्ती करने सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आवास मित्र एवं योजनांतर्गत नियुक्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## पर्यटन पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार की घोषणा की है। इन पुरस्कार के लिए कुल 1 लाख 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर तक आमंत्रित किया गया है। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्था व व्यक्ति को विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# अंचल के किसानों ने की कुण्डा में खाद-बीज गोदाम की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया एवं तहसील कुण्डा के सबसे बड़ा ग्राम पंचायत कुण्डा में विगत 25 वर्षो से खाद गोदाम के अभाव में सेवा सहकारी समिति के कृषक को खाद-बीज उठाने में परेशानी होती है, पूर्व में सेवा सहकारी समिति कुण्डा में 85 आश्रित ग्राम अब कृषक सेवा सहकारी समिति कुण्डा में पंजीयन क्रमांक 3039 में आश्रित ग्राम 7 है। कुण्डा समिति में कृषक की संख्या 1549 व सदस्य 420 है वही समिति में कृषकों की वार्षिक लेनदेन 03 करोड़ से भी ऊपर की है। जिस पर कुण्डा तहसील अंतर्गत वर्ष 2009-10 के अनुसार फसल की क्षेत्रफल कुल खरीफ फसल 15924 हेक्टेयर कुल रवि फसल 14292 हेक्टेयर कुल दो फसली फसल 100076 हेक्टेयर कुल सिंचित फसल 10404 हेक्टेयर है। वहीं कुण्डा क्षेत्र के कृषकों द्वारा प्रमुख रूप से धान, गन्ना, गेहूं व तीवरा तथा चना का उत्पादन लेते है, जिसके लिए कृषकों को खाद-बीज की आवश्यकता होती है। क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने कुण्डा में खाद-गोदाम के अभाव में विगत कई वर्षो से खाद-बीज को समिति द्वारा कुण्डा मुख्यालय से 5 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सेन्हाभाठा में डंप करवाया जाता है। वही मुख्यालय से 10 किलो मीटर की दूरी तक का किसानों का लेन-देन कुण्डा समिति होती है, वहीं ग्राम सेन्हाभाठा में खाद-बीज डंप होने कारण किसान भाइयों को 10 किलो मीटर अतिरिक्त दूरी तय कर खाद-बीज का परिवहन करना पड़ता है। जिस पर कृषक बंधुओं को आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्षेत्र के किसान बंधुओं ने कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से कुण्डा क्षेत्र के कृषक बंधुओं ने की कुण्डा में खाद गोदाम की मांग की गई।

### क्षेत्र के किसानों ने अपेक्स बैंक अध्यक्ष से खाद गोदाम की मांग की थी



बताया जाता है कि सूरज यादव के नेतृत्व में जुलाई 2022 को तात्कालिक अपेक्स बैंक अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व विधायक बैजनाथ चंद्राकर एवं जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष नवाज खान का आगमन जिला सहकारी बैंक कुण्डा द्वारा आयोजित एटीएम के शुभारम्भ कार्यक्रम में कुण्डा आगमन हुआ था, कार्यक्रम के दौरान किसान हित में सूरज यादव के नेतृत्व में कृषक बंधु एवं ग्रामीणों ने दोनों अध्यक्ष के समक्ष खाद गोदाम की मांग कर निवेदन किया था, उन्होंने खाद-गोदाम निर्माण के लिए आश्वासन दिए थे, लेकिन कृषकों से किए उनका वादा पूरा नही हुआ। भाजपा सरकार से उम्मीद जा रही है।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना से होगी योजनाओं की पहुंच आसान

# सांसद और विधायक ने तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को महाराजपुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होगी। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित जनप्रतिनिधि ट्रेनर्स उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आदि शब्द का अर्थ आदिवासी है और यह शब्द हमें आदिकाल की ओर ले जाता है। इसी भावना के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण उत्थान के लिए स्वतंत्र मंत्रालय की घोषणा की थी,जो एक ऐतिहासिक योगदान था। उन्होंने कहा कि इस देश में महात्मा गांधी, डॉ लोहिया और पं दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव गरीबों को केंद्र में रखकर अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य किया। सोमवार को मास्टर ट्रेनर्स उसी विचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके माध्यम से योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होगा। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने इस अभियान में 17 विभागों को जोड़ा है, ताकि लंबे समय से उपेक्षित समाज तक योजनाएं पहुंच सकें। उन्होंने जनजातीय नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा, जिन्हें धरती आबा अर्थात धरती का भगवान कहा जाता है, ने अपने अल्प जीवन में समाज में अद्भुत परिवर्तन लाया। इसी तरह वीर नारायण सिंह और सुरेन्द्र साय जैसे अनेक सेनानियों ने आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। इन विभूतियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना हम सबका कर्तव्य है।

### आदि कर्मयोगी नाम आदिवासी समाज की उस जीवनशैली और दर्शन को दर्शाता है: विधायक




विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स ग्राम स्तर पर फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे और उन्हें तैयार करेंगे। उनके प्रयासों से योजनाओं की जानकारी सीधे जन-जन तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी नाम आदिवासी समाज की उस जीवनशैली और दर्शन को दर्शाता है, जो सदियों से जल, जंगल और जमीन को जीवन का आधार मानकर चलता आया है। उन्होंने कहा कि आज सरकार की मंशा स्पष्ट है कि वह उस समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है, जो अब तक अछूता और उपेक्षित रहा है। यह अभियान सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करेगा। मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका केवल योजनाओं की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम होगी। श्रीमती बोहरा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान दूरदर्शिता के साथ तैयार की गई योजना है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, आजीविका, कौशल विकास, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसे सात विभागों को शामिल किया गया है। इन विभागों के समन्वित प्रयासों से निश्चित रूप से सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी और जनजातीय समाज विकास की मुख्यधारा से जुड़ पाएगा।

# खेल से ही जीवन में अनुशासन व ऊर्जा का संचार होता है: घुरूवाराम



- खेल भावना को प्रोत्साहित करने चित्रकला, फुगड़ी, रस्सी कूद का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला (पीएमश्री) पिपरिया में विविध खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवाराम साहू ने की। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए खेल भावना को प्रोत्साहित करने हेतु शपथ ग्रहण, चित्रकला प्रतियोगिता, फुगड़ी और रस्सी कूद जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री साहू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खेलों से जहां शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, वहीं अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना भी मजबूत होती है। यदि विद्यार्थी खेलों में रुचि लेकर अभ्यास करेंगे तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में आगे बढ़ेंगे, बल्कि प्रदेश और देश का नाम भी रौशन करेंगे।

उन्होंने बच्चों को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पिपरिया सोसायटी अध्यक्ष कमलकांत नाविक, विद्यालय की प्रधान पाठिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा निकाय के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया और अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने धुरी समाज के सामाजिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को कवर्धा प्रवास के दौरान धुरी समाज के सामाजिक भवन पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भवन का लोकार्पण किया। भवन के शुभारंभ पर समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सामाजिक भवन समाज की एकता और विकास का प्रतीक है। ऐसे भवन समाज के सभी वर्गो को एक मंच पर लाते हैं और पारिवारिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सशक्त केंद्र साबित होते हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि धुरी समाज मेहनतकश और परंपराओं को संजोकर रखने वाला समाज है, जिनकी भूमिका प्रदेश के विकास में सराहनीय रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक समाज और वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पित है। सामाजिक भवनों के निर्माण से समाज को संगठित होने और युवाओं को सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धुरी समाज के लोग उपस्थित थे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवर पर सांसद संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, गोपाल साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद बिहारी धुर्वे, डोनेश ठाकुर, सुषमा उपाध्याय, सुनील साहू, अनिल साहू सहित जनप्रतिनिधि व समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# राजकुमार धुर्वे का एमबीबीएस में चयन, परिजनों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर



पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पुटपुटा के एक साधारण कृषक परिवार से संबंध रखने वाले राजकुमार धुर्वे ने सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने नीट परीक्षा में 333/720 अंक प्राप्त कर एसटी वर्ग से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है।

बताया जाता है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में राजकुमार ने धुर्वे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी, इस उपलब्धि पर हर्ष और गर्व व्यक्त किया गया। वहीं शाला परिवार की ओर से उनका स्वागत और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, शिक्षक राकेश कुमार सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद ठाकुर एवं भृत्य सरवन कुरचाम उपस्थित थें।

जिस पर शिक्षक राकेश कुमार सोनी ने कहा कि कक्षा में चुपचाप बैठने वाला, सामान्य-सा वह विद्यार्थी, जब एमबीबीएस में चयनित होकर सबको अचंभित कर दे, तो यह साबित हो जाता है कि शिक्षा के किस पल, किस लेक्चर से, किस छात्र के भीतर सफलता की चिंगारी जल उठे यह कोई नहीं कह सकता। विद्यालय की यह उपलब्धि कोई पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी इसी शाला के विद्यार्थियों में धलेन्द्र का चयन एसआई पद पर तथा रघुनंदन धुर्वे का चयन एमबीबीएस में हो चुका है। राजकुमार की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है।

## परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग के परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका-2022 के अनुसार जिले में 11 परिवहन सुविधा केन्द्र को प्राधिकृत करते हुए स्थापित किया जाना है। सुविधा केन्द्र के लिए जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जाएगी। आम जनता को परिवहन संबधित सुविधा प्रदान करने की दिशा में शिक्षार्थी लर्निंग जारी करने साथ ही परिवहन विभाग के अन्य आनलाईन आवेदन सेवाएं के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र का आंबटन पूर्व में आंबटित परिवहन सुविधा केन्द्र क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थान पर क्षेत्र की जनसंख्या व मांग के आधार पर वस्तुस्थिति के अनुसार ही किया जाएगा। जिसके लिए इच्छुक अर्हतादायी आवेदक 200 विहित शुल्क जमा कर जिला परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक निर्धारित है। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए अर्हताएं है। जिसमें कोई व्यक्ति, संगठन, संघ, पंजीकृत स्व-सहायता समूह सहकारी समिति या कोई भी विधिक इकाई पात्र होंगे। कम से कम 100 वर्गफूट का स्वयं का भवन अथवा किराया अनुबंध भवन उपलब्ध होना आवश्यक है। लर्निंग लायसेंस हेतु पृथक से विभाजित कक्ष होना आवश्यक है। सुविधा केन्द्र संचालन हेतु जीएसटी प्रमाण पत्र अवथा नगरीय निकाय द्वारा जारी गुमास्ता प्रमाण पत्र होना चाहिए, प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा। आवेदको हेतु मूलभूत व्यवस्था सहित प्रतीक्षालय एवं मार्ग हेतु पृथक से तकनीकी सुविधायुक्त कक्ष होना चाहिए। पार्किंग की व्यवस्था हो। कार्यस्थल में पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर, कैमरा, बायोमैट्रिक डिवाईस, सिग्नेचर पैड, इंटरनेट उपलब्ध हो। कार्यस्थल में सीसीटीवी कैमरा लगा हो। नियुक्ति हेतु आवेदक उच्चतर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण 102 एवं न्यूनतम कम्प्यूटर शैक्षणिक अर्हता डीसीए पीजीडीसीए या समकक्ष योग्यता हो, प्रमाण पत्र सलग्न किया जाना होगा।

## सुखाताल में सीताराम संकीर्तन का आयोजन



**हरिभूमि पोंड़ी।** ग्राम सुखाताल में मां शारदा हरि कीर्तन मानस मंडली द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का श्रीसीताराम संकीर्तन रामधुनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मां महामाया प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में भगवान बाल-गोपाल को झूले में विराजित किया गया, वहीं ग्राम सुखाताल सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की दर्शन के लिए श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि इस श्रीसीताराम संकीर्तन में ग्राम खंडसरा, मड़मडा, जरती, सेमरकोना, बघर्रा, दौजरी, बैहरसरी, नाउडीह, गदहाभाटा, बोधाईकुंडा, तरेगांव मैदान सहित आसपास क्षेत्र के संकीर्तन मानस गायन टोलियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुखाताल में 24 घंटे का श्रीसीताराम संकीर्तन रामधुनी के आयोजन से गांव में भारी उत्सव का माहौल बना हुआ है। जिसमें विशेष आकर्षण बघर्रा व अमली-मालगी के ढोलक-वादकों द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी साथ ही साथ नृत्य और वादन से आयोजन को जीवंत कर दिया। जिस पर ग्रामवासियों द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति देने वाले टोलियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मधुसूदन वर्मा (पूर्व सरपंच), भरत वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि), इतवारी साहू (पूर्व उपसरपंच), सत्येन्द्र वर्मा, अमर वर्मा, नेमराज, मनोज, मन्नू वर्मा, अंगद वर्मा, राजाराम सहित युगल, नकुल, भागवत, तुलस, चंद्रकुमार, लच्छ कुमार, रमेश निषाद, सुरेश साहू, रामलोचन चौहान, सुखदेव यादव, महेश वर्मा, धनेश, नारद साहू, गोविंदा व सभी समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### पूर्व विधायक ममता चंद्राकर श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर पूजा अर्चना की

# पांडातराई में संगीतयम श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पांडातराई

नगर पंचायत पांडातराई निवासी चंद्रकांत पाठक के निज-निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन शामिल हुए व विधि विधान से पूजा अर्चना किया साथ ही साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा रसपान किया।

कथा के सातवें दिन कथा व्यास पं दिवाकर तिवारी ने बताया कि एक बार राजा परीक्षित आखेट करते हुए वनों में काफी दूर चले गए। वहीं राजा को प्यास लगी तो पास के ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले ऋषिवर मुझे पानी पिला दो, लेकिन ऋषि तपस्या में लीन थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। जिस पर परीक्षित ने सोचा की इसने मेरा अपमान किया है, इस पर राजा ने मरा हुआ सर्प ऋषि के गर्दन में डाल दिया। ऋषि के बेटे को जानकारी हुई तो उन्होंने श्राप दिया कि जिसने पिता की गर्दन में सांप डाला है आज से सातवें दिन तक्षक नाग के काटने से उसकी मौत हो जाएगी। ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो धर्मात्मा राजा परीक्षित है और यह अपराध इन्होंने कलयुग के वशीभूत होकर किया है। यह सूचना परीक्षित को दी कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प तुम्हें डसेगा। यह सुनकर परीक्षित दुखी नहीं हुए और अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंप कर गंगा के तट पर पहुंचे। वहां पर बड़े-बड़े ऋषि-मुनि, देवता पहुंचे और अंत में सुखदेव वहां पहुंचे। सुखदेव संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। मोक्ष की प्राप्ति के लिए राजा को श्रीमद्भागवत कथा सुनाई गई। राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं इस सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा में प्रमोद पाठक, शिबू पाठक सहित परिवार-जन, नगरवासी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर कथा श्रवणपान कर रहे है।

**प्रदर्शन:** प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के विरोध की गई टिप्पणी पर भाजयुमो का प्रदर्शन

# जिला भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बिहार में इंडी गठबंधन की ओर से निकाली जा रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित सिग्नल चौक में भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत मां के विरुद्ध की गई टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कांग्रेस समेत सभी दोषी दलों को इसके लिए माफी मांगनी होगी। श्री साहू ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव किस तरह से महिलाओं का सम्मान करते हैं, यह बात उनकी यात्रा से सामने आ गई। मंच से प्रधानमंत्री का नाम लेकर उनकी दिवंगत मां के नाम पर अपशब्द बोले गए। राजनीति में पार्टी एक दूसरे से मतभेद रखती हैं पर किसी महिला को गाली देने का अधिकार नहीं है। इससे पता चलता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव महिलाओं के सम्मान को लेकर कितने सजग हैं। उन्हें देश के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए। मनीराम साहू ने कहा कि यात्रा के दौरान जिस ढंग से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, उससे पता चलता है कि कांग्रेस के युवराज के आचरण में अब संस्कार नहीं बचे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय सासंद राजनांदगांव लोकसभा, संतोष पटेल जिला महामंत्री भाजपा, मनीराम साहू जिला अध्यक्ष भाजयुमो, नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, जसविंदर बग्गा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मुकेश ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंडा, श्रीमती सतविंदर पाहुजा मंडल अध्यक्ष कवर्धा शहर, विजय पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, खिलेश्वर साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, ईश्वरी धुर्वे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, अजय ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, महेंद्र घृतलहरें जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, नीतीश चंद्रवंशी जिला मंत्री भाजयुमो, अनिल साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कवर्धा शहर, मीनू साहू, दुर्गेश दुबे, मनहरण साहू, अमित चंद्रवंशी, सुनील साहू, दीपक सिन्हा, निर्मल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष/महामंत्री उपस्थित थे।

### कांग्रेस का राजनीतिक पतन तय : सांसद संतोष पाण्डेय



इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर पूरे प्रदेश और देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश की राजनीति में कांग्रेस का पतन का दौर है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं कि वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान चला रहे हैं लेकिन आज उनके द्वारा प्रधान मंत्री मोदी की दिवंगत माता जी के विरूद्ध की गई टिप्पणी से पूरे देश की माताएं आहत हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह कांग्रेस का एक प्रयोजित कार्यक्रम था। इससे पूर्व भी कांग्रेस ने मौत के सौदागर, मोदी चोर है, चोकीदार है चोर है जैसी अभद्र भाषा प्रयोग किया है। जो निंदनीय और दण्डीय है जिसकी भाजपा पुरजोर विरोध करती है।

# रामधुनी समाज को एक सूत्र में बांधती है: उपमुख्यमंत्री शर्मा



- बदराडीह बाघूटोला, खुर्सीपार, जैताटोला में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को अपने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान ग्राम बदराडीह बाघूटोला, खुर्सीपार, जैताटोला में आयोजित रामधुनी कार्यक्रमों में शामिल हुए।

उन्होंने ग्रामवासियों के साथ भजन-कीर्तन में भाग लेकर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास, समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्रवासियों की प्रगति के लिए भगवान राम से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जैताटोला और ग्राम प्रभाटोला सतनाम धुनी, सतनाम झूला कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्हानें बाबा गुरूघासी दास से आर्शीवाद प्राप्त किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव में विकास की नई गाथा लिख रही है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और किसान कल्याण जैसे क्षेत्रों में लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रगति तभी संभव है जब समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिले और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। उपस्थित ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, गोपाल साहू सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित थे।

### मण्डलियों ने दी शानदार प्रस्तुति

ग्राम बदराडीह बाघूटोला, खुर्सीपार, जैताटोला में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में क्षेत्र की कई मण्डलियों ने शामिल होकर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। आयोजकों ने शानदार प्रस्तुति देने वाली मण्डलियों को पुरस्कृत भी किया। एक तरफ गणेश उत्सव की धूम और दूसरी तरफ इस धार्मिक आयोजन से गांवों में धार्मिक वातारण निर्मित हो रहा है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना भरपूर सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप



### पौधारोपण व न्योता भोज का आयोजन

**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य व प्रधान पाठक मोहन राजपूत ने सोमवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर नेवता भोज कराया। सुबह नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ लोरमी रोड में कदम्ब तथा कुंडा समिति के साथ फस्टारपुर मार्ग पर कदम्ब का एक पौधा रोपित किया। तत्पश्चात डोमसरा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर, बीआरसीसी अर्जुन चन्द्रवंशी, स्टॉप,ग्रामीणों व छात्रों के साथ दो नीम, दो कदम्ब तथा दो पाम के पौधा का रोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। पौध रोपण के साथ कुंडा मिडिल स्कूल व डोमसरा प्राथमिक व माध्यमिक शाला में आंशिक व पूर्ण नेवता भोज आयोजित किया गया।बच्चों को इस दौरान केला ,लड्डू, चांवल,दाल ,सब्जी, भजिया व खीर-पूड़ी खिलाया गया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश राजपूत, मोहन सिंह, एसएल कुर्रे, गोविंद रजक, शंकर चंददावंशी, विद्या चन्द्राकर, गलीराम बंजारे, आशीष मिश्रा, प्रफुल्ल बिसेन, अनुराग ठाकुर, तोमन सिंह ठाकुर, नीलम धनकर, सालिक यादव, कलीराम चन्द्राकर, जीत साहू, तजेंद्र साहू, बिट्टू रज्जाक, बिजेंद्र, रोहित रजक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# किसानों व आम लोगों की समस्याओं को लेकर युकां ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले में किसानो के साथ ही आम लोगों से जुड़ी गंभीर सम्स्याओं को लेकर युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा समन्वयक अश्विनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने भाजपा सरकार की नाकामी को उजागर करते हुए बताया कि जिले के किसान और आज जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। स्थिति ये है कि किसानो के खेतों में धान सहित अन्य फसलें खड़ी है लेकिन किसानो को न तो जरूरत के मुताबिक बिजली मिल रही है और न ही सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से उन्हें रियायती दर पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। हालात इतने बद से बत्तर हो चुके हैं कि कई गांवों में किसानो के खेतों में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर बीते कई दिनो से जले और खराब पड़े हैं।

जिनके संबंध में क्षेत्रीय किसानो द्वारा संबंधित सब स्टेशन में शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा उन्हें बदला नहीं जा रहा है। जिसके कारण किसान इस अल्प वर्षा के दौरान में अपने फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं और उनकी फसलें प्रभावित हो रही है।

लेकिन किसानो की इस समस्या और चिंता को देखने सुनने वाला कोई नहीं है। इसी प्रकार किसानो से सेवा सहकारी समितियों से यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिल रही है। जबकि यही खाद जिले भर की निजी दुकानो में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अब सरकार यह खाद सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से रियायती दर पर किसानो को क्यों उपलब्ध नहीं करा रही है यह जग जाहिर है। श्री वर्मा द्वय ने बताया कि यही स्थिति जिले में आम लोगों की भी है। उन्हें भी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

जिले की कानून व्यवस्था भी खस्ताहाल और चौपट हो चुकी है, जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा का बोलबाला है। चोरी, हत्या, तस्करी के मामले जिले में लगातार बढ़ रहे हैं। जिला कलेक्टर तक को अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखना पड़ रहा है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि इन्हीं तमाम विषयों को लेकर तथा व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग को लेकर आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

# स.लोहारा सीएचसी में रजत जयंती महोत्सव में विशेष कार्यक्रम आयोजित



- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में 10 सितंबर को लगेगा मेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा

सहसपुर लोहारा देहदान, रक्तदान और वय वंदन योजना पर दी गई जानकारी 10 सितंबर को लगेगा मेगा शिविर सहसपुर लोहारा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर के आदेशानुसार सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तूरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के निर्देशों का पालन करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान अस्पताल परिसर के ओपीडी हॉल में चिकित्सक, स्टाफ सदस्य, मरीज एवं उनके परिजनों की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सामाजिक पहल पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. साहू ने अपने उद्बोधन में देहदान, रक्तदान एवं वय वंदन योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में इन योजनाओं के माध्यम से मानवता की सेवा को बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे आयुष्मान भारत कार्ड बनवाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो लोग देहदान एवं रक्तदान करना चाहते हैं, वे सीधे खंड चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर अपनी सहमति दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि 10 सितंबर को सीएचसी सहसपुर लोहारा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक जरूरतमंद एवं पीड़ित मरीजों को लाने के लिए सभी को सहयोग करने का आह्वान किया गया।

अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ एवं मरीजों ने स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूकता की सराहना की और समाजहित में योगदान का संकल्प लिया।

# सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कबीरधाम जिले में पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स. लोहारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को रंगे हाथ पकड़ा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर कुल 7 प्रकरण दर्ज किए और आरोपियों को थाने तक पहुंचाया। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अब सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। दोषियों को सीधे जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि शराब पीकर सड़क पर हंगामा करने वालों के लिए कबीरधाम में कोई जगह नहीं है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आम जनता से अपील की गई है कि यदि कहीं भी सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की घटना दिखे तो तत्काल सूचना पुलिस को दें, ताकि दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### साक्षरता सप्ताह पर बैरख स्कूल में ली गई शपथ



**बोड़ला।** वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख में 1 सितम्बर सोमवार को उल्लास साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। संस्था के प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि 1 से 7 सितम्बर 2025 देशव्यापी साक्षरता एवं 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाना है। उच्च कार्यालय के दिशा निर्देश से 1 सितम्बर से 7 सितम्बर 2025 देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाना है। उल्लास नवभारत साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम सप्ताह भर चलने वाले साक्षरता अभियान की आज प्रथम दिवस में उल्लास नवभारत साक्षरता का शपथ लिया गया।

**छात्र-छात्राओं को जागरूक कर दिया सशक्त बनने का संदेश**

# पुलिस ने आत्मानंद स्कूल में आयोजित किया अभिव्यक्ति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




महिला थाना कवर्धा द्वारा शासकीय आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में गत दिनो अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार सिंह तथा पंकज पटेल के निर्देशन एवं डीएसपी मुख्यालय आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति एप की कार्यप्रणाली एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, घरेलू हिंसा, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, छेड़छाड़, गुड टच-बैड टच और यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया, ताकि वे समाज में इन मुद्दों पर संवेदनशीलता और सतर्कता विकसित कर सकें। इस कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी भुवनेश्वरी साहू, सहायक उपनिरीक्षक विजया कैवत, महिला प्रधान आरक्षक सुखमत मेरावी, महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी, नंदिनी ओगरे, तथा आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मानंद स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक और शिक्षिकाएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और इस पहल का स्वागत किया।

### कबीरधाम पुलिस की अपील

जिला पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिलाओं पर अत्याचार और साइबर अपराध जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब समाज स्वयं जागरूक और सक्रिय हो। पुलिस ने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे ऐसे मामलों की जानकारी छिपाएं नहीं, बल्कि तुरंत अभिव्यक्ति एप, महिला थाना या नजदीकी पुलिस चौकी को सूचित करें। कबीरधाम पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। वहीं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का सख्त संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, और जागरूक समाज ही अपराधियों के इरादों को पूरी तरह विफल कर सकता है।

# हॉकी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बोड़ला की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन, मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला



मेजर ध्यानचंद के जन्म उत्सव एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेजेस बोड़ला व एकलव्य खेल अकादमी द्वारा एक दिवसीय सेवन साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सेजेस बोड़ला ने कस्तूरबा गांधी बोड़ला को 4-1 गोल से पराजित किया। सेजस बोड़ला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कस्तूरबा गांधी बोड़ला को 4-1 से हराया। देव कुमारी मेरावी ने 3 गोल और दीपिका पटेल ने 1 गोल किया। इस अवसर पर सेजेस बोड़ला के प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी, एकलव्य खेल अकादमी के अध्यक्ष विजय पाटिल, उपाध्यक्ष गौतम गुप्ता, कोषाध्यक्ष सगनु धुर्वे, नगर पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष लव निर्मलकर, सभापति जस्सू पटेल, कन्या शाला बोड़ला के प्राचार्य बीआर जोशी, ललिता अनंत पूनाराम पनागर, जगतारन झरिया और कोच बृजेश चंद्रवंशी व हिमांशु चंद्रवंशी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के शैल चित्र पर पूजा अर्चन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टास कर कर मैच का प्रारंभ किया गया टॉस विजेता पीएम श्री सेजेस बोड़ला रहा जिन्होंने मैदान चॉइस किया यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करती है, बल्कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह को भी बढ़ावा देती है। इसी बीच प्राचार्य के द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक देकर उनको संबोधित किया।




## तिलईरवार में मनाया गया संस्कृत सप्ताह



**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। प्राचार्य अशीम कुमार यदु, स्टॉफ व सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्कृत विषय की व्याख्याता रेखा मुरकुटे ने बताया कि संस्कृत भाषा के महत्व को बढ़ावा देने और उसकी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने मनाया जाता है, जो दुनिया की सबसे पुरानी और वैज्ञानिक भाषाओं में से एक है। यह हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा रक्षाबंधन को मनाया जाता है। इसी कड़ी में अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर साहू, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे आदि ने अपने-अपने विचार रखें। इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृत भाषा पर कविता, श्लोक, सूक्तियां, भाषण, गीत आदि प्रस्तुत करने वालों में वैष्णवी, वंगीता, डुमेश्वरी, टूमेश, कामिनी, वैशाली, देवकी, जास्मीन, आरती, काजल, विवेक कुमार एवं पीयूष कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन अनुराधा ढोक द्वारा किया गया।

## साइकिलिंग अभियान में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय खेल दिवस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिटनेस, आत्मशक्ति और सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा देने शहर में एक विशेष साइकिलिंग अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आईटीबीपी राजनांदगांव के क्षेत्रीय मुख्यालय के सेकेंड-इन-कमांड मनोज कुमार बहुगुणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें आईटीबीपी कर्मियों और साई राजनंदगांव के खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। 29 अगस्त को प्रारंभ हुए तीन दिवसीय खेल दिवस कार्यक्रम श्रृंखला ने एक जोड़ने वाली ताकत और राष्ट्र-निर्माण के एक शक्तिशाली साधन के रूप में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसने युवाओं में भारत की समृद्ध खेल विरासत के प्रति गर्व की गहरी भावना पैदा की। साथ ही हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की चिरस्थायी विरासत को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि भी दी। इस पहल ने प्रतिभागियों के बीच एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देते और शारीरिक फिटनेस और तंदुरुस्ती के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर फिट इंडिया आंदोलन के मूल संदेश को भी सुदृढ़ किया। अंत में इन तीन दिवसीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी कर्मियों को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सभी संबंधित कार्यक्रमों का समापन किया गया।

## रॉयल किड्स कान्वेंट ने क्विज स्पर्धा में मारी बाजी



**राजनांदगांव।** लायंस क्लब द्वारा आयोजित इंडिया हेरिटेज प्रतियोगिता में रॉयल किड्स कॉन्वेंट के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सभी शालाओं के 85 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें रॉयल किड्स कॉन्वेंट के बच्चे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर प्रियांशी सिंह और परिधि जैन, द्वितीय गुंजन वैष्णव और सुहा साहू एवं तृतीय स्थान पर तथागत और आर्यन त्रिपाठी रहे। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के ही आईसीएसई बोर्ड से अंश नाहटा, सागर देवांगन परिधि सिंह, दर्शनी जंघेल एवं सीबीएसई बोर्ड से प्रणव खंडेलवाल, गोल्डी ठाकुर, यावी जंघेल, सम्यक श्रीवास्तव, वंश जैन, यश कुमार साहू, कृष कुमार विनायक ठाकुर ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपर्णा वर्मा, शालिनी चितलांगिया एवं हर्षा सोनी का विशेष मार्गदर्शन रहा।

पृष्ठ 07 का शेष

### मानदेय सहित 8 मांग...

हर योजना को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन सेवाएं 50 वर्ष होने के बावजूद भी हम महिलाओं को ना तो कर्मचारी का दर्जा मिल पाया है और ना ही श्रमिक मजदूर का। अब तक न्यूनतम मजदूरी पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा, चिकित्सा और सम्मान जैसी कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से पारिश्रमिक मानदेय के रूप में कार्यकर्ता को 4500 और सहायिका को 2250 दिया जा रहा, जो न्यूनतम वेतन से काफी कम है।

**मांगे पूरी करने नारेबाजी :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के आह्वान पर आयोजित इस ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन में जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और अपनी मांगे पूरी करने जमकर हल्ला बोला। वहीं महिलाओं ने अपनी मांगे पूरी करने केंद्र और राज्य सरकार से इस प्रदर्शन के माध्यम से अपील की।

# बच्चों को भा रहा डिज्नीलैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में विभिन्न जगह अलग-अलग स्वरूप में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं स्थल झांकियां भी बनाई गई, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। शहर के सहदेव नगर के समीप अंबेडकर चौक स्थित श्री सेवा समिति द्वारा इस वर्ष विराजमान किए गए अहमद नगर के ऐतिहासिक स्वरूप वाले विशाल गणपति के दर्शन श्रद्धालुओं को मिल रहे हैं। वहीं इस गणेश पंडाल के समीप बनाए गए डिज्नीलैंड की झांकी बच्चों को काफी आकर्षित कर रही है।

श्री सेवा समिति में गणपति बप्पा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह और आस्था के साथ मत्था टेक रहे हैं। पंडाल में डिज्नीलैंड थीम, झूले, बलून और विविध प्रकार के स्टॉल इस आयोजन को और आकर्षक बना रहे हैं।



### विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

इस पूजा पंडाल में आरती, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। वहीं यहां आने वाले श्रद्धालु भक्ति से सराबोर हो रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि गणपति बप्पा का यह स्वरूप शहर में पहली बार देखने को मिल रहा है।

### ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व

समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पूरे शहर की एकता और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि संस्कारधानी के लोग न सिर्फ गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करें, बल्कि इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश भी जाए। उन्होंने कहा कि अहमद नगर स्वरूप का चयन इसी सोच के साथ किया गया है, ताकि लोग इसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व से जुड़ सकें।

